श्री विजय कुमार खेमका, स०वि०स०/ श्री राम नारायण मंडल, स०वि०स०/ श्री कुमार शैलेन्द्र, स०वि०स०/ श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी, स०वि०स० एवं श्री प्रमोद कुमार सिन्हा, स०वि०स० से प्राप्त ध्यानाकर्षण सूचना।

"जिला प्रशासन के अनुसार पूर्णिया जिले के विभिन्न 169 पंचायतों में खेल मैदान का निर्माण पूर्ण है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों एवं युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना है, परंतु इन निर्मित खेल मैदानों में खेल सामग्री का घोर अभाव है। खेल गतिविधि के अभाव में खेल मैदान अपने वास्तविक उद्देश्यों को पुरा नहीं कर पा रहा है एवं खेल मैदान का नियमित रख–रखाव भी समुचित ढंग से नहीं हो रहा है। राज्य में इससे न केवल सरकारी संसाधनों की क्षति हो रही है, बल्कि ग्रामीण प्रतिभाओं के विकास के अवसर भी सीमित हो रहे हैं।

अतः मैं उक्त खेल मैदान में खेल सामग्री उपलब्ध कराने एवं उसके रख–रखाव की जिम्मेदारी तय करने की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए सदन में स्पष्ट वक्तव्य की मांग करता हूँ।"

माननीया मंत्री, खेल विभाग का वक्तव्य

महाशय,

वस्तुस्थिति यह है कि राज्य के प्रत्येक पंचायत में एक खेल मैदान का निर्माण ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना के VB-GRAM G के तहत कराया जा रहा है।

पूर्णिया जिला में अबतक VB-GRAM G योजना के तहत 174 ग्राम पंचायतों में खेल मैदान का निर्माण कार्य पूर्ण है एवं पूर्णिया जिला के सभी 230 ग्राम पंचायतों में खेल को बढ़ावा देने के उद्येश्य से खेल क्लब का गठन भी किया गया है। उक्त खेल मैदान में खेल क्लब के माध्यम से खेल सामग्री उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जा रही है तथा खेल मैदान के समुचित रख–रखाव ग्राम पंचायत के माध्यम से कराये जाने की योजना है।

बिहार सरकार

खेल विभाग

ज्ञापांक– 1/प्र० 1–103/2026/1401/ पटना, दिनांक 10.4/2026

प्रतिलिपि :– श्री विजय कुमार खेमका, मा०स०वि०स०/ श्री राम नारायण मंडल, मा०स०वि०स० / श्री कुमार शैलेन्द्र, मा०स०वि०स० / श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी, मा०स०वि०स० एवं श्री प्रमोद कुमार सिन्हा, मा०स०वि०स०/अवर सचिव, बिहार विधानसभा सचिवालय, पटना के ज्ञापांक 161, दिनांक 16.03.2026 के प्रसंग में 10 (दस) हस्ताक्षरित प्रतियाँ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

10/04/26

संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक– 1/प्र० 1–103/2026/1401/ पटना, दिनांक 10.4/2026

प्रतिलिपि :– मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/प्रशाखा पदाधिकारी/आई0टी0 मैनेजर, खेल विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

10/04/26

संयुक्त सचिव।

S.D.ltr 568